# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा/डी0आर0/26 दिनांक : 02.04.2026

## विज्ञप्ति

चौ0 चरण सिहं विश्वविद्यालय, मेरठ एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2025–26 से संचालित बी0बी0ए0 एवं बी0सी0ए0 (एन0ई0पी0) पाठ्यक्रमों के उत्तीर्णाक/ग्रेडिंग/बैक पेपर इत्यादि सम्बन्धी अध्यादेश जो विद्वत परिषद की बैठक दिनांक 18.03.2026 के मद संख्या–6 द्वारा अनुमोदित हैं, की प्रति इस पत्र के साथ संलग्न है।

समस्त सम्बन्धित महाविद्यालय/विभाग/शिक्षक/छात्र/छात्रा नियमों को गम्भीरता से अध्ययन करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बद्ध महाविद्यालय, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. व्यैक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
4. सहा0 कुलसचिव (गोपनीय)/समन्वयक रिजल्ट सेल/प्रभारी कम्प्यूटर केन्द्र को सूचनार्थ।
5. प्रभारी–अतिगोपनीय विभाग/कमेटी सैल/बी0एड0 सैल/व्यवसायिक पाठ्यक्रम।
6. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत समस्त एजेंसियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. विश्वविद्यालय पूछताछ केन्द्र।
8. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
9. गार्डफाइल।

02/04

उप कुलसचिव (परीक्षा)

नोटः— बी0बी0ए0 / बी0सी0ए0 हेतु पूर्व में पारित सिलेबस में दिए नियमों तथा निम्नलिखित प्रावधानों में यदि कोई विरोधाभास होता है तो निम्नलिखित नियम ही लागू होंगे।

1. प्रथम वर्ष प्रथम सेमेस्टर बी0बी0ए0 / बी0सी0ए0 हेतु प्रवेश अर्हता

<u>बी0बी0ए0</u>:— 10+2 with 45% marks for Gen./OBC & 40% marks for SC/ST (all streams)

<u>बी0सी0ए0</u>:— 10+2 with 45% marks for GEN/OBC and for SC/ST 40% marks. (Art with maths)/Ag/Bio/Science/Commerce), Maths mandatory at High School or ~~Intermediate~~.

## 2. कोर्सेज/ पेपर्स के प्रकार एवं उनके न्यूनतम उत्तीर्णांक

| | |
|---|---|
| CC | Core Course |
| DSEC | Discipline Specific Elective Course |
| GEC | Generic Elective Course |
| SEC | Skill EnhancementCourse |
| AEC | Ability Enhancement Course |
| VAC | Value Addition Course |
| Project | Major or Minor Research Projects / Dissertation |
| Additional Exit Course (After First or Second Year only) | Skill-Based Course / Work-Based Vocational Course/ Social Responsibility & Community Engagement/ Internship/ Apprenticeship/ Capstone Project |

2.1 थ्योरी, प्रैक्टिकल एवं प्रोजेक्ट सभी पेपर्स में कुल अधिकतम अंक 100 होंगे।

2.2 थ्योरी के सभी पेपर्स (वैल्यू एडिशन कोर्सेज (VAC) को छोड़ कर) में सतत आंतरिक मूल्यांकन 25 अंकों का होगा तथा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा अधिकतम 75 अंकों की होगी। थ्योरी के सभी पेपर्स में सतत आंतरिक मूल्यांकन तथा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा में मिलाकर पूर्णांक 100 अंकों में से न्यूनतम उत्तीर्णांक 40 होंगे ।

2.3 वैल्यू एडिशन कोर्सेज (VAC) में केवल विश्वविद्यालय द्वारा 100 अंकों की बाह्य परीक्षा आयोजित की जाएगी जो कि वस्तुनिष्ठ प्रश्नों (MCQ) पर आधारित होगी। इसमें भी न्यूनतम उत्तीर्णांक 40 ही होंगे।

2.4 किसी भी कोर्स/पेपर के आन्तरिक मूल्यांकन अथवा विश्वविद्यालय की परीक्षा में अलग–अलग कोई भी न्यूनतम उत्तीर्ण प्रतिशत नहीं है। किसी भी परीक्षा में अनुपस्थिति पर भी शून्य अंक ही मिलेगें।

2.5 प्रैक्टिकल एवं प्रोजेक्ट (Project/ Dissertation) के सभी कोर्सेज/पेपर्स में न्यूनतम उत्तीर्णांक 50 होंगे तथा इनका मूल्यांकन विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त परीक्षक एवं आंतरिक परीक्षक द्वारा पूर्णांक 100 अंकों में से संयुक्त रूप से किया जायेगा।

2.6 Exit कोर्स का संचालन एवम मूल्यांकन विभाग/ महाविद्यालय द्वारा अपने स्तर पर पूर्णांक 100 अंको में से किया जायेगा जिसमें न्यूनतम उत्तीर्णांक 50 होंगे ।

2.7 केवल थ्योरी के पेपर्स में एक सेमेस्टर के अधिकतम दो पेपर्स में अधिकतम 5 अंकों के ग्रेस अंक प्रदान किये जा सकेंगे।

2.8 प्रैक्टिकल अथवा प्रोजेक्ट में कोई ग्रेस अंक नहीं दिए जायेंगे।

2.9 किसी भी सेमेस्टर को उत्तीर्ण करने के लिए न्यूनतम SGPA 5.0 आवश्यक होगा।

2.9 उक्त सभी कोर्स क्रेडिट कोर्सेज हैं जिनको SGPA एवं CGPA की गणना में सम्मिलित किया जायेगा तथा कोई भी कोर्स क्वालीफाइंग नहीं है।

2.10 विद्यार्थी को शोध परियोजना (Project)/ Dissertation के मूल्यांकन में 80 से अधिक अंक निम्न उपलब्धि पर ही दिए जा सकेंगे :– शोध परियोजना में किए गए कार्य पर आधारित शोध पत्र स्वीकृत/प्रकाशित होने पर बशर्ते वह शोध पत्रिका तत्कालीन UGC CARE List/SCOPUS/Web of Science में सम्मिलित हो अथवा दो राष्ट्रीय/अन्तराष्ट्रीय सेमिनार/वर्कशाप में न्यूनतम दो शोध पत्र प्रस्तुत किए हों।

## 3. कक्षोन्नोति (Promotion)

3.1 विद्यार्थी को वर्तमान सेमेस्टर से अगले सेमेस्टर में (छठे सेमेस्टर से सप्तम सेमेस्टर को छोड़ कर) सदैव प्रोन्नत किया जायेगा, चाहे वर्तमान सेमेस्टर का परिणाम कुछ भी हो।

3.2 बिना कोई निकास (Exit) लिए विद्यार्थी निरंतरता में पढ़ाई करते हुए बी0बी0ए0/ बी0सी0ए0 के चतुर्थ वर्ष (छठे सेमेस्टर से सप्तम सेमेस्टर) में निम्न शर्तो के साथ प्रवेश ले सकता है:–

(अ) उसने बी0बी0ए0/ बी0सी0ए0 के तीनो वर्षो के सभी आवश्यक 120 क्रेडिट्स के कोर्सेज न्यूनतम 6.5 CGPA के साथ उत्तीर्ण कर लिए हों। इन 120 क्रेडिट्स में एग्जिट (Exit) कोर्स के क्रेडिट्स शामिल नहीं हैं।

(ब) बी0बी0ए0/ बी0सी0ए0 के चतुर्थ वर्ष में कुल सीटों में से तीन चौथाई सीटों पर चतुर्वर्षीय बी0बी0ए0/ बी0सी0ए0 (ऑनर्स) में तथा एक चौथाई सीटों पर बी0बी0ए0/ बी0सी0ए0 (ऑनर्स शोध सहित) में विभाग/ महाविद्यालय द्वारा मेरिट के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा।

(स) बी0बी0ए0/ बी0सी0ए0 (शोध सहित आनर्स) डिग्री हेतु निर्धारित एक चौथाई सीटों में से रिक्त सीटों पर बी0बी0ए0/ बी0सी0ए0 (ऑनर्स) कार्यक्रम में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित समय सीमा में विभाग/ महाविद्यालय स्तर पर प्रवेश दिये जाएंगे।

## 4. बैक पेपर अथवा सुधार (Improvement) परीक्षा

4.1 आन्तरिक परीक्षा में बैक पेपर हेतु परीक्षा नहीं होगी। केवल पूर्ण सेमेस्टर को Ex Student के रूप में दोबारा देने की स्थिति में विश्वविद्यालय (बाहय) परीक्षा के साथ आन्तरिक मूल्यांकन (यदि विद्यार्थी आंतरिक मूल्यांकन में पहले सम्मिलित नहीं हुआ हो तो) भी किया जा सकता है ।

4.2 एक विद्यार्थी दो पूर्ण सेमेस्टर्स की संपूर्ण परीक्षाएं एक साथ नहीं दे सकेगा।

4.3 विद्यार्थी को बैक पेपर की सुविधा सम (विषम) सेमेस्टर्स के पेपरर्स के लिए सम (विषम) सेमेस्टर्स में ही उपलब्ध होगी।

4.4 विद्यार्थी को बैक पेपर हेतु परीक्षा के लिए कोर्स/पेपर तथा उसका पाठ्यक्रम (Syllabus) वही होगा जो उस वर्तमान सेमेस्टर, जिसमें वह परीक्षा दे रहा है, में उपलब्ध होगा।

4.5 विद्यार्थी बैक पेपर अथवा सुधार (Improvement) हेतु किसी भी कोर्स/पेपर की विश्वविद्यालय (बाहय) परीक्षा, काल–बाधित नहीं होने तक, चाहे कितनी भी बार दे सकता है किंतु यह व्यवस्था वर्तमान वर्ष से केवल 1 वर्ष पहले के पेपर्स के लिए ही उपलब्ध होगी।

4.6 वर्तमान सेमेस्टर का विद्यार्थी पिछले किसी एक सेमेस्टर के अधिकतम 12 क्रेडिट्स के पेपर की परीक्षा में बैक पेपर के रूप में सम्मिलित होने हेतु अनुमत होगा। उधाहरणार्थ– तृतीय सेमेस्टर में अध्यनरत विद्यार्थी तृतीय सेमेस्टर की मुख्य परीक्षा के साथ प्रथम सेमेस्टर के अधिकतम 12 क्रेडिट्स के पेपर कोड्स की बैक पेपर की परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अनुमत होगा।

4.7 जो विद्यार्थी प्रयोगात्मक परीक्षा में अनुपस्थित अथवा अनुत्तीर्ण होते हैं, उनको बैक पेपर के रूप में सम्मिलित हो कर प्रयोगात्मक परीक्षा उत्तीर्ण करना अनुमत होगा।

## 5. काल अवधि

त्रिवर्षीय / चतुर्वर्षीय बी0बी0ए0 / बी0सी0ए0 को पूरा करने की अधिकतम अवधि सात वर्ष होगी। जिसकी गणना प्रथम सेमेस्टर में पहली बार प्रवेश लेने के समय से की जाएगी। विद्यार्थी निरंतरता में पढ़ाई करे अथवा निकास (Exit) के साथ, उसको कुल काल–अवधि सात वर्ष ही मिलेगी।

## 6. ग्रेडिंग प्रणाली तथा SGPA एवं CGPA की गणना

### क्रेडिट परिभाषा

**तालिका–1 (Table-1)**

| | |
|---|---|
| One Hour Theory (Th), Lecture (L) or Tutorial (T) per week | 1 Credit |
| Two Hours Practical (P) per week | 1 Credit |

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में बी0बी0ए0 / बी0सी0ए0 स्नातक पाठ्यक्रम में निम्नलिखित 10 पॉइंट ग्रेडिंग प्रणाली लागू की जाएगी:

**तालिका–2 (Table-2)**

| लेटर ग्रेड | विवरण | अंको की सीमा | ग्रेड पॉइंट |
|---|---|---|---|
| O | Outstanding | 91-100 | 10 |
| $A^+$ | Excellent | 81-90 | 9 |
| A | Very good | 71-80 | 8 |
| $B^+$ | Good | 61-70 | 7 |
| B | Average | 51-60 | 6 |
| P | Pass | 40-50 (Theory Course) | 5 |
| | | 50 (Practical/ Projects/ Exit Courses) | |
| F | Fail | 0-39 (Theory Course) | 0 |
| | | 0-49 (Practical/ Projects/ Exit Courses) | |
| AB | Absent | Absent | 0 |

6.1 SGPA एवं CGPA की गणना निम्नवत सूत्रों से की जाएगी:

**तालिका–3 (Table-3)**

| | |
|---|---|
| jth सेमेस्टर के लिए<br>SGPA (Sj) =∑(Ci x Gi) /∑Ci | यहाँ पर:<br>Ci = number of credits of the ith course in jth semester.<br>Gi= grade point scored by the student in the ith course in jth semester. |
| CGPA = ∑(Cj x Sj) /∑Cj | यहाँ पर:<br>Sj= SGPA of the jth semester.<br>Cj= total number of credits in the jth semester. |

6.2 CGPA को प्रतिशत अंकों में निम्नलिखित सूत्र के अनुसार परिवर्तित किया जायेगा:

समतुल्य प्रतिशत = CGPA x 9.5

6.3 विद्यार्थियों को निम्नवत सारणी के अनुसार श्रेणी (Division) प्रदान की जाएगी:

**तालिका–4 (Table-4)**

| श्रेणी | वर्गीकरण |
|---|---|
| प्रथम श्रेणी | 6.50 अथवा उससे अधिक CGPA |
| द्वितीय श्रेणी | 5.00 अथवा उससे अधिक तथा 6.50 से कम CGPA |

**7. एकाधिक प्रवेश एवं निकास विकल्प (Multiple Entry and Exit Options)**

**7.1 कंप्यूटर एप्लीकेशन विषय में एक वर्षीय स्नातक प्रमाण पत्र [One Year UG Certificate in Computer Applications]** हेतु प्रथम वर्ष (दो सेमेस्टर्स) में 40 क्रेडिट एवं एक 4 क्रेडिट अतिरिक्त कोर्स (Additional Exit Course) अर्थात् कुल 44 क्रेडिट अर्जित करना अनिवार्य है।

एक वर्षीय स्नातक प्रमाण पत्र प्राप्त करने के उपरांत अधिकतम तीन वर्ष के भीतर ही बी०बी०ए० / बी०सी०ए० कार्यक्रम के द्वितीय वर्ष (तृतीय सेमेस्टर) में पुनः प्रवेश अनुमत होगा।

**7.2 कंप्यूटर एप्लीकेशन विषय में द्विवर्षीय स्नातक डिप्लोमा [Two year UG Diploma in Computer Applications]** हेतु दो वर्ष (चार सेमेस्टर्स) में 80 क्रेडिट एवं एक 4 क्रेडिट अतिरिक्त कोर्स (Additional Exit Course) अर्थात् कुल 84 क्रेडिट अर्जित करना अनिवार्य है।
द्विवर्षीय स्नातक डिप्लोमा प्राप्त करने के उपरांत अधिकतम तीन वर्ष के भीतर ही बी०बी०ए० / बी०सी०ए० कार्यक्रम के तृतीय वर्ष (पंचम सेमेस्टर) में पुनः प्रवेश अनुमत होगा।

7.3 कंप्यूटर एप्लीकेशन विषय में त्रिवर्षीय स्नातक डिग्री (बी0बी0ए0/ बी0सी0ए0) **[Three Year Under Graduate Degree in Computer Applications (BCA)]** :–त्रिवर्षीय स्नातक डिग्री बी0बी0ए0/ बी0सी0ए0 हेतु कुल छः सेमेस्टर में 120 क्रेडिट प्राप्त करना अनिवार्य है। इन 120 क्रेडिट्स में एग्जिट कोर्स के क्रेडिट्स शामिल नहीं हैं।

कंप्यूटर एप्लीकेशन विषय में त्रिवर्षीय स्नातक डिग्री बी0बी0ए0/ बी0सी0ए0 प्राप्त करने के अधिकतम तीन वर्ष के भीतर ही बी0बी0ए0/ बी0सी0ए0 (आनर्स/शोध सहित आनर्स) कार्यक्रम के चतुर्थ वर्ष (सप्तम सेमेस्टर) में प्रवेश निम्नलिखित शर्तों के अधीन अनुमत होगा :–

(अ) त्रिवर्षीय स्नातक डिग्री न्यूनतम 6.5 CGPA के साथ उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा।

(ब) बी0बी0ए0/ बी0सी0ए0 के चतुर्थ वर्ष में कुल सीटों में से तीन चौथाई सीटों पर चतुर्वर्षीय बी0बी0ए0/ बी0सी0ए0 (ऑनर्स) में तथा एक चौथाई सीटों पर बी0बी0ए0/ बी0सी0ए0 (ऑनर्स शोध सहित) में विभाग/ महाविद्यालय द्वारा मेरिट के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा।

(स) चतुर्वर्षीय स्नातक बी0बी0ए0/ बी0सी0ए0 (शोध सहित आनर्स) डिग्री हेतु निर्धारित एक चौथाई सीटों में से रिक्त सीटों पर चतुर्वर्षीय स्नातक बी0बी0ए0/ बी0सी0ए0 (ऑनर्स) कार्यक्रम में निर्धारित समय सीमा में विभागीय/ महाविद्यालय स्तर पर प्रवेश दिये जाएंगे।